# FUNDAMENTAL DUTIES

# मौलिक कर्त्तव्य

न्याय सब के लिए

ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

HARYANA STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY

# HARYANA STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY

***PATRON-IN-CHIEF***

**Hon'ble Mr. Justice Sanjay Kishan Kaul**

Chief Justice of Punjab and Haryana High Court

***EXECUTIVE CHAIRMAN***

**Hon'ble Mr. Justice Satish Kumar Mittal**

Judge, Punjab and Haryana High Court

***MEMBER SECRETARY***

**Deepak Gupta**

District & Sessions Judge


***AUTHORED BY***

**Sunil Chauhan**

Joint Member Secretary



*Published by :*

HARYANA STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY

2nd Floor, New Block, Old District Court Premises, Sector 17, Chandigarh - 160 017

Tel.No./Fax No. : 0172-2770055, Toll Free No.1800-180-2057

Website : www.hslsa.nic.in, E-mail : hslsa@hry.nic.in, hslsa.haryana@gmail.com

# FUNDAMENTAL DUTIES



*Justice Sanjay Kishan Kaul,*
*Chief Justice,*
*Punjab and Haryana High Court*
*Patron-in-Chief,*
*Haryana Legal Services Authority,*

## *Foreword*

*Freedom without acceptance of responsibility can destroy the freedom itself. Rights and responsibilities must be balanced. This would automatically enhance freedom. It is very important that consideration should be given to the ways and means by which Fundamental Duties could be popularized and made effective.*

*We all must understand, appreciate and discharge the fundamental duties, as mentioned in the Constitution of India. For the progress of our nation, we must discharge our fundamental duties diligently. It is quite appreciable to see that Haryana Legal Services Authority has come up with a book, which describes fundamental duties in a most intelligible manner. I hope this book will prove helpful in inculcating the spirit of discharging fundamental duties amongst the citizens of this country. I wish the legal literacy campaign a grand success.*

*(Sanjay Kishan Kaul)*



*Justice S. K. Mittal, Judge,*
*Punjab & Haryana High Court*
*Executive Chairman,*
*Haryana Legal Services Authority*

## ***Foreword***

*We have duties towards our Motherland. It is important for us to understand that unless and until we discharge our duties, our nation cannot progress. To take this nation to the greatest heights, we must be diligent to the hilt in discharging our fundamental duties. Just as the fundamental rights are important for the complete development of a citizen so are the fundamental duties for the survival and development of a nation and its citizens.*

*The lucid exposition of each fundamental duty in this book is quite appreciable. This book also indicates clearly that some of the fundamental duties have also been incorporated in separate laws. I hope this book will go a long way in spreading of awareness about the fundamental duties amongst the citizens of this country.*

*(Satish Kumar Mittal)*

**Introduction:**

The nation is what the citizens are. If the citizens of a nation do not work for the progress of their nation then that nation cannot progress. The entire responsibility rests upon the citizens to take their nation to new heights. In India, sovereignty lies in the hands of citizens of India. It is the citizens' responsibility to take upon their shoulders the task of seeing that order, justice and freedom are maintained. It is our duty to see that our country stand out among the comity of nations as the finest example of racial, ethnic, communal and religious harmony. We have duties towards our Motherland. Awareness of our duties is as important as awareness of our rights. Man does not live for himself alone. He lives for the good of others as well as of himself. Citizens should work for the betterment of their nation to improve life of all.

Rights flow only from duties well performed. If everyone performs his/her duty, everybody's rights would be automatically protected. Gandhiji said:

> "The true source of rights is duty. If we all discharge our duties, right will not be far to seek. If leaving duties unperformed we run after rights, they escape us like a will-o'-the-wisp. The more we pursue them, the farther they fly".

We must render our duties towards our country diligently and faithfully.

**<u>Fundamental Duties in the Constitution of India</u>**

Just as we have rights, we have some responsibilities too. The Fundamental Duties of citizens were added to the Constitution by the 42nd Amendment in 1976, upon the recommendations of the Swaran Singh Committee. Article 51 A was included in the Constitution of India in Part IVA. Originally ten in number, the Fundamental Duties were increased to eleven by the 86th Amendment in 2002. Article 51A of the Constitution of India begins with the words " It shall be the duty of every citizen of India". The fundamental duties in Article 51 A of the Constitution of India are as under:

**(1) TO ABIDE BY THE CONSTITUTION AND RESPECT ITS IDEALS AND INSTITUTIONS, THE NATIONAL FLAG AND THE NATIONAL ANTHEM (Clause (a))**

The first and the foremost duty assigned to every citizen of India is to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National

Flag and the National Anthem.

The IDEALS of the Constitution are summed up in the Preamble:-

> JUSTICE, social, economic and political;
>
> LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship;
>
> EQUALITY of status and of opportunity; and to promote among them all
>
> FRATERNITY assuring the dignity of the individual and the unity and integrity of the nation

These words represent basic values. **Social justice** denotes the equal treatment of all citizens without any social distinction based on caste. **Economic justice** denotes the non-discrimination between people on the basis of economic factors. It involves the elimination of glaring inequalities in wealth, income and property. **Political justice** implies that all citizens should have equal political rights, equal access to all political offices and equal voice in the government. The words liberty, equality and fraternity in our Preamble have been taken from the French Revolution. Equality means to provide equal opportunity to all citizens of India rather than special provisions to some sections of society. Fraternity means a sense of brotherhood. It is our duty to keep in mind the aforesaid ideals of the constitution. Every Citizen of India must remember and practice in life these ideals of the Constitution.

The principal institutions of the Constitution are the Executive, the Legislature and the Judiciary. It is a duty of every citizen to respect these institutions.

The Indian National Flag and National Anthem are the symbols of our national pride. It is our duty to respect the Constitution, National Flag and National Anthem. Showing insult to the country's national symbols, including the flag, constitution and anthem is punishable under the **Prevention of Insults to National Honour Act,1971**

Following points, amongst other things, regarding the Indian National Flag must be kept in view:

- The National Flag shall be a tri-colour panel made up of three rectangular panels or sub-panels of equal widths. The colour of the top panel shall be India saffron (Kesari) and that of the bottom panel shall be

India green. The middle panel shall be white, bearing at its centre the design of Ashoka Chakra in navy blue colour with 24 equally spaced spokes. The Ashoka Chakra shall preferably be screen printed or otherwise printed or stenciled or suitably embroidered and shall be completely visible on both sides of the Flag in the centre of the white panel.

- The Flag shall not be used as a drapery in any form whatsoever except in State/Military/Central Para military Forces funerals as provided in the National Flag Code 2002.
- The Flag shall not be draped over the hood, top, sides or back of a vehicle, train or boat.
- The Flag shall not be used or stored in such a manner as may damage or soil it.
- When the Flag is in a damaged or soiled condition, it shall not be cast aside or disrespectfully disposed of but shall be destroyed as a whole in private, preferably by burning or by any other method consistent with the dignity of the Flag.
- The Flag shall not be used as a covering for a building.
- The Flag shall not be used as a portion of a costume or uniform of any description. It shall not be embroidered or printed upon cushions, handkerchiefs, napkins or boxes.
- Lettering of any kind shall not be put upon the Flag.
- The Flag shall not be used in any form of advertisement nor shall an advertising sign be fastened to the pole from which the Flag is flown.
- The Flag shall not be used as a receptacle for receiving, delivering, holding or carrying anything:

Provided that there shall be no objection to keep flower petals inside the Flag before it is unfurled, as part of celebrations on special occasions and on

National Days like the Republic Day and the Independence Day

## 2. TO CHERISH AND FOLLOW THE NOBLE IDEALS WHICH INSPIRED OUR NATIONAL STRUGGLE FOR FREEDOM (clause b)

It is our duty to remember the sacrifices made by our forefathers for the cause of the country. We must remember, imbibe and follow the ideals which marked our struggle for freedom. Our freedom fighters wanted to build a just society. They wanted to have a society **free from exploitation of man by man.** They wanted to have a society marked by **freedom, equality, non-violence, brotherhood and world peace.** We, the citizens of India, must remain aware of sacrifices made by our freedom fighters. Freedom is a gift, given to us by our freedom fighters. They sacrificed their whole lives so that we could live in a free country. We must always remain conscious and committed to these ideals, and make India a better country each day.

## 3. TO UPHOLD AND PROTECT THE SOVEREIGNTY, UNITY AND INTEGRITY OF INDIA ( Clause c)

India is a sovereign country. It means that our state is internally powerful and externally free. She is free to determine for herself without any external interference. To defend our sovereignty is our own responsibility. In India sovereignty rests with the people of India.

We should not do anything which may damage the sovereignty, unity and integrity of India. Even reasonable restrictions are permitted on freedom of speech and expression in the interests of the "sovereignty and integrity of India. Following points must be remembered:

- Any conduct which seeks to destroy or damage unity is punishable under Section 153-A of the Indian Penal Code(IPC).
- Imputations and assertions prejudicial to national integration are punishable under Section 153-B of the IPC.
- Statements or reports containing alarming news which tend to promote enmity etc. are punishable under Section 505 (2) of the IPC.

**4. TO DEFEND THE COUNTRY AND RENDER NATIONAL SERVICE WHEN CALLED UPON TO DO SO (Clause (d))**

Every citizen must be ready to defend the country against war or external aggression. Sometimes, civilians may be required also to take up arms in defence of the country. It is a Fundamental Duty entrusted to the common man. Those citizens who belong to any of the three defence forces are entrusted constantly with this Fundamental Duty. We must protect our country not only against the external aggression but also from armed rebellion within the country.

**5. TO PROMOTE HARMONY AND THE SPIRIT OF COMMON BROTHERHOOD AMONGST ALL THE PEOPLE OF INDIA TRANSCENDING RELIGIOUS, LINGUISTIC AND REGIONAL OR SECTIONAL DIVERSITIES; TO RENOUNCE PRACTICES DEROGATORY TO THE DIGNITY OF WOMEN (Clause (e))**

India is a multi-religious & multi-linguistic country. Its beauty lies in its unity in diversity. People from about seven main religions live in India.

These religions include Hinduism, Islam, Christianity, Buddhism, Jainism, Sikhism & Zoroastrianism. Spirit of brotherhood should come very normally among the citizens of a country like India where the norm has been to consider the entire world as one family. It is the duty of every citizen of India to promote communal harmony and the spirit of brotherhood amongst all people irrespective of caste, creed and colour. The need is to strengthen the bonds of brotherhood. This bond should not become thinner and thinner between the fellow beings. Being Indians, we should work in unity to build a stronger and prosperous nation.



The Constitution also casts upon us the Fundamental Duty of ensuring that all practices derogatory to the dignity of women are renounced. This again should come normally to a country where it is believed that Gods reside where women are worshiped. It is for us to rise above the later day degenerations and deviations which tarnished the image of our society. Many laws have been passed by the Union Government and the State Governments which punish practices derogatory to the dignity of women. Articles 14, 15 and 16 of the Constitution of

India prohibit discrimination.

According to a report prepared by India's National Crime Records Bureau (NCRB), a crime has been recorded against women in every three minutes in India. Every 60 minutes, two women are raped in this country. Every six hours, a young married woman is found beaten to death, burnt or driven to suicide. We must stop crime against women. It is our fundamental duty.

## 6. TO VALUE AND PRESERVE THE RICH HERITAGE OF OUR COMPOSITE CULTURE (Clause (f)

Indian culture is one of the oldest and unique cultures in the world. Even people from other countries respect our Indian culture so much and want to know about it. It is our duty to respect and protect our Indian Culture. India is one of the most ancient civilizations of the world. India can take legitimate pride in having been a civilizational unity without a break for more than five thousand years. We all are part of this great civilization and culture. We must remember the following:

- Our contributions in the field of art, sculpture, architecture, mathematics, science, medicine, etc. are well known.
- Some of the oldest and deepest philosophical thoughts and literature were born in India.
- We have several historical monuments of great archaeological value spread over the entire country. These include forts, palaces, temples, cave paintings, mosques, churches, etc.
- India is a birth place of several great religions like Hinduism, Buddhism, Jainism and Sikhism.
- Our past has shown us the path of peace, love, non-violence and truth.

As citizens of this country, it is the responsibility of all of us to work for the preservation of this rich heritage and its cultural values and live in love and harmony.

Our cultural heritage is one of the noblest and the richest. Also, it is part of the heritage of the earth. To preserve the rich heritage of our composite culture is another Fundamental Duty of every Indian citizen. What we have inherited from the past, we must preserve and pass on to the future generations.

We should protect the monuments and pieces of art. Hence, we should not :

damage,
disfigure,
scratch or
Vandalize

the monuments and pieces of art.

## 7. TO PROTECT AND IMPROVE THE NATURAL ENVIRONMENT INCLUDING FORESTS, LAKES, RIVERS AND WILD LIFE, AND TO HAVE COMPASSION FOR LIVING CREATURES (Clause (g))




Since time immemorial, people across the world have always made efforts to preserve and protect the natural resources like air, water, plants, flora and fauna. Ancient scriptures of different countries are full of stories of man's zeal to protect the environment and ecology. Our sages and saints always preached and also taught the people to worship earth, sky, rivers, sea, plants, trees and every form of life. Majority of people still consider it as their sacred duty to protect the plants, trees, rivers, wells, etc., because it is believed that they belong to all living creatures. It is the duty of every citizen to protect and improve natural environment including forests, lakes, rivers and wild life and to have compassion for living creatures. The rising air, water and noise pollution and large-scale denudation of forest are causing immense harm to all human life on earth. By protecting our forest cover, planting new trees, cleaning rivers, conserving water resources, reforesting wastelands, hills and mountains and controlling pollution in cities, villages and industrial units, we can help save the future of our fellow citizens and of planet earth itself. Various laws have been enacted for the protection of environment and wild life.




## 8. TO DEVELOP THE SCIENTIFIC TEMPER, HUMANISM AND THE SPIRIT OF INQUIRY AND REFORM (Clause (h)

Scientific temper means outlook founded on organised knowledge and experience. Scientific temper discards obsolete learning. The society develops only when the people shun superstitions. Lack of Scientific temper is the biggest impediment for the progress of country. In our country, where a large section of the society is still caught in various superstitions and unscientific practices, inculcating scientific temper among the citizens is of paramount importance for development of the nation.

We should not forget that India in the ancient time was quite advanced, and the people professed scientific temper. Indian contributions to mathematics were not limited to numbers and algebra. Trigonometric functions and algorithms were described and developed.

Medicine was the other major science that was highly developed in early India. The Charaka Samhita (first century C.E. or earlier) has remarkable

statements about diagnosis. It advocated a system of medicine that depended on skill and human intervention rather than on the divine or superhuman.

It is our duty to ensure the India's presence in the world of science and technology. Let knowledge, like the sun, shine for all and that there should not be any room for narrow-mindedness, blind faith and dogma.

## 9. TO SAFEGUARD PUBLIC PROPERTY AND TO ABJURE VIOLENCE (Clause (i))

It is very unfortunate that destruction of public property has become a popular medium for airing grievances. Destruction of public property is also an offence under Prevention of Damage to the Public Property Act,1984. We must not take law in our hands. Burning of trains,buses and other public property to register protest during bandhs, hartals, agitations or political demonstrations causes loss to the nation.

It is most unfortunate that in a country which preaches non-violence to the rest of the world, we see from time to time scenes of senseless violence and destruction of public property indulged in by a few of its citizens. It is our fundamental duty to abjure violence. Violent methods to ventilate grievances must be avoided.

## 10. TO STRIVE TOWARDS EXCELLENCE IN ALL SPHERES OF INDIVIDUAL AND COLLECTIVE ACTIVITY, SO THAT THE NATION CONSTANTLY RISES TO HIGHER LEVELS OF ENDEAVOUR AND ACHIEVEMENT (Clause (j) )

Excellence is the key to success. "Excellence" is the secret of all development. It is our fundamental duty to make sure that our country constantly rises, and achieves heights. The drive for excellence in all spheres of individual and collective activity is the demand of times. "Excellence" is the secret of all development and all success. Japan and Singapore are living examples. It is amazing that Japan stood up head and shoulders in such a short time after the devastation in Hiroshima and Nagasaki in the Second World War. The open secret is "Excellence". It is our duty to work hard. We should not adopt shortcut ways devoid of hard work and excellence.

## (11) TO PROVIDE OPPORTUNITIES FOR EDUCATION BY THE PARENT OR THE GUARDIAN, TO HIS CHILD, OR A WARD BETWEEN THE AGE OF 6-14 YEARS AS THE CASE MAY BE (clause k)

Education is the most important factor in the development of a country. Education is one of the important means through which we can improve our society. Primary education is the foundation on which the development of every citizen and the nation depends upon. Free and compulsory education to all children has also



become fundamental right of all children of age group 6-14 years. The passing of the Right of Children to Free and Compulsory Education (RTE) Act 2009 is an important enactment to ensure education for all children of the age group 6-14 years. The said Act provides for the following:

- Every child between the age of six to fourteen years, shall have the right to free and compulsory education in a neighbourhood school, till completion of elementary education.
- For this purpose, no child shall be liable to pay any kind of fee or charges or expenses which may prevent him or her from pursuing and completing elementary education.
- Where a child above six years of age has not been admitted to any school or though admitted, could not complete his or her elementary education, then, he or she shall be admitted in a class appropriate to his or her age.

Parents and Guardians must realize that giving education to children is of utmost importance. Education helps in the development of children. Education transforms country as a whole.

# मौलिक कर्त्तव्य

# प्रस्तावना

किसी भी राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिक ही करते हैं। यदि नागरिक, राष्ट्र के विकास के लिए प्रयत्नशील नहीं हैं तो राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। राष्ट्र को नित–नूतन शिखर पर लेकर जाने का उत्तरदायित्व उसके नागरिकों का है। भारतवर्ष की सम्प्रभुता, भारत के नागरिकों में निहित है। जनतांत्रिक व्यवस्था, न्याय एवं स्वाधीनता सुनिश्चित रहे, इस का उत्तरदायित्व नागरिकों पर ही है। यह हम सबका कर्त्तव्य है कि हमारा राष्ट्र, सम्पूर्ण विश्व में प्रजातीय, साम्प्रदायिक एवं धार्मिक सामंजस्य का सर्वोत्कृष्ट आदर्श बन कर प्रस्तुत हो। हमारे अपनी मातृभूमि के प्रति कुछ कर्त्तव्य हैं। इन कर्त्तव्यों के विषय में जागरूकता अति आवश्यक है। मनुष्य केवल अपने लिए जीवन नहीं जीता। वह तो अपने और दूसरों के कल्याण के लिए जीवन व्यतीत करता है। नागरिकों को राष्ट्र–कल्याण के लिए प्रयत्न करना चाहिए, उसी से सबके जीवन में सर्वांगीण विकास होगा।

अधिकारों का एकमात्र उद्गम स्थान, अच्छे प्रकार से निभाये हुए कर्त्तव्य हैं। अगर हर व्यक्ति अपने कर्त्तव्यों का पालन करता है तो हर एक के अधिकार स्वतः सुरक्षित हो जायेंगें। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आशीर्वचन हैः–

"अधिकारों का वास्तविक उद्गम–स्थान, कर्त्तव्य हैं। यदि हम सब अपने कर्त्तव्यों का भली–भांति सम्पादन करें तो हमारे अधिकार हमसे दूर नहीं हैं। यदि हम अपने कर्त्तव्यों को अपूर्ण छोडकर अधिकारों के पीछे भागेंगें तो वे हमसे दूर होते जायेगें। एक परछाई की भांति, जितना हम उनका पीछा करेंगें उतना ही, अधिकार हमसे दूर भागते जायेंगें।"

अतः हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह सावधानीपूर्वक एवं श्रद्धापूर्वक करना चाहिए।

## भारत के संविधान में निर्दिष्ट मौलिक कर्त्तव्य

जिस प्रकार हमारे कुछ अधिकार हैं, ठीक उसी प्रकार हमारे कर्त्तव्य भी हैं। स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर, संविधान के बयालिसवें संशोधन के द्वारा, मौलिक कर्त्तव्यों को अंतः स्थापित किया गया। संविधान के भाग IV क में अनुच्छेद 51क सम्मिलित किया गया। वर्ष 2002 के छियासिवें संशोधन के द्वारा मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या 10 से बढ़ा कर 11 कर दी गई। अनुच्छेद 51क का प्रारम्भ इन शब्दों से होता हैः–

" यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है"।

अनुच्छेद 51क में निर्दिष्ट मौलिक कर्त्तव्य, निम्नलिखित हैंः–

### (1) संविधान की अनुपालना एवं उसके आर्दशों, उसके अन्तर्गत संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रगान का सम्मान {खंड (क)}

प्रत्येक भारतीय का सर्वप्रथम एवं सर्वोपरि कर्त्तव्य यह है कि वो संविधान की अनुपालना एवं उसके आर्दशों, उसके अन्तर्गत संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रगान का सम्मान करे।

संविधान के आर्दशों का साराँश, संविधान की उद्देशिका (Preamble) में दिया गया हैः–

- **न्याय**, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक
- **स्वतंत्रता**, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की
- **समता**, प्रतिष्ठा और अवसर की; तथा उन सब में
- **बन्धुता**, जिसमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित हो

उपरोक्त शब्द संविधान के मूलभूत आर्दशों के प्रतिनिधि हैं। **सामाजिक न्याय** का अर्थ यह है कि सभी नागरिकों के साथ बिना किसी जाति–मूलक भेदभाव के समान व्यवहार हो। **आर्थिक न्याय** का अर्थ है कि नागरिकों में अलग–अलग आर्थिक स्थितियों की वजह से कोई भेदभाव ना हो। **राजनैतिक न्याय** का तात्पर्य है कि प्रत्येक नागरिक के समान राजनीतिक अधिकार हों, और उनकी प्रत्येक राजनीतिक संस्था में समान पहुँच हो एवं सरकार में उनका एक समान हिस्सा हो।

संविधान की उद्देशिका (Preamble) के स्वतंत्रता, समता एवं बन्धुता, इत्यादि शब्द फ्रांसीसी क्रान्ति से लिये गये हैं। समता का अर्थ है कि प्रत्येक भारतीय को एक समान अवसर प्राप्त हों, ना की, केवल कुछ वर्ग–विषेश के लिए खास प्रावधान हों। बंधुता का तात्पर्य भ्रातृत्त्व की भावना से है। प्रत्येक भारतीय को उपरोक्त आर्दशों का नितान्त स्मरण रहे व वे उन्हें अपने जीवन में उन्हें मूर्त रूप दें।

संविधान के अन्तर्गत प्रमुख संस्थाऐं तीन हैं:– कार्यपालिका, संसद एवं न्यायपालिका। प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है कि इन संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करे।

हमारा राष्ट्र–ध्वज एवं राष्ट्र–गान हमारे राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक हैं। संविधान, राष्ट्र–ध्वज एवं राष्ट्र–गान का सम्मान हमारा सर्वप्रथम कर्त्तव्य है। राष्ट्र के उपरोक्त प्रतीकों का तिरस्कार **राष्ट्रीय सम्मान की मानहानि प्रतिबंध अधिनियम 1971** के तहत दंडनीय है।

राष्ट्र–ध्वज के विषय में निम्नलिखित बातें स्मरण रखने योग्य हैं:–

- राष्ट्र–ध्वज तीन रंगो की पट्टिकाओं से बनता है जो कि आयताकार होती हैं व उनका आयाम बराबर होता है। सबसे उपर वाली पट्टिका केसरी रंग की, बीच वाली पट्टिका सफेद रंग की एवं नीचे वाली पट्टिका हरे रंग की होती है। सफेद रंग की पट्टिका के मध्य में गहरे नीले रंग का अशोक चक्र मुद्रित होता है जिसमें 24 बराबर के अरे होते हैं। अशोक चक्र स्क्रीन मुद्रित होता है एवं उस पर उचित कढ़ाई की जाती है। अशोक चक्र, ध्वज के मध्य में, दोनों तरफ से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।
- राष्ट्र–ध्वज किसी भी वस्तु को ढ़कने के लिए प्रयोग नही होता (सिवाय राज्य–सैन्य बल, सैन्य–बल, अर्धसैनिक –बलों के सैनिकों की अंत्येष्टि पर, जोकि राष्ट्र–ध्वज संहिता 2002 के अनुसार है।)
- राष्ट्र–ध्वज को किसी भी वाहन, रेल या नाव के शीर्ष–भाग, पृष्ठ–भाग या सिरे को ढ़कने के लिए प्रयोग नही किया जाता।
- राष्ट्र–ध्वज को इस प्रकार से प्रयोग या संग्रहीत नहीं किया जाता जिससे उसे क्षति हो या उसमें मलिनता आये।

- ➢ यदि राष्ट्र–ध्वज क्षतिग्रस्त अथवा मलिन अवस्था को प्राप्त हो गया है तो उसको सम्मान पूर्वक ढंग से तिरोहित किया जाता है। ऐसी परिस्थिति में ध्वज को पूर्ण रूप से, एकांत में तिरोहित किया जाता है। ध्वज के तिरोहण के लिए या तो अग्नि–संस्कार किया जाता है अन्यथा किसी ऐसी विधि से तिरोहित किया जाता है जो ध्वज की गरिमा के अनुकूल हो।
- ➢ राष्ट्र–ध्वज को किसी भी इमारत को ढ़कने के लिए प्रयोग नही किया जाता।
- ➢ राष्ट्र–ध्वज को किसी भी प्रकार के वस्त्र या वर्दी या उसके भाग–विषेश के लिए प्रयोग नही किया जाता।
- ➢ राष्ट्र–ध्वज की तकिये, रूमाल, मेज़माल या संदूक इत्यादि पर कढ़ाई नही की जाती।
- ➢ राष्ट्र–ध्वज पर किसी भी प्रकार के अभिलेख नही लिखे जा सकते।
- ➢ राष्ट्र–ध्वज को किसी भी रूप में विज्ञापन के तौर पर प्रयोग नहीं किया जा सकता। जिस स्तम्भ पर राष्ट्र–ध्वज को फहराया जाता है उस पर कोई विज्ञापन नही बांधा जा सकता।
- ➢ राष्ट्र–ध्वज को किसी भी वस्तु को ग्रहण करने, पहुँचाने, थामने और ढोने के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता (किन्तु स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्रता दिवस इत्यादि विषेश समारोहों में राष्ट्र–ध्वज के अन्दर फूलों की पंखुडियाँ उस समय तक रखीं जा सकती हैं, जब तक ध्वजारोहण ना हो जाये।)

## 2. भारत के स्वाधीनता संग्राम के प्रेरक, महान आदर्शो को नितान्त स्मरण रखना और उनका अनुगमन करना {खण्ड (ख)}

हमारे पूर्वजों ने राष्ट्र–हित में जो बलिदान दिये, उन्हें याद रखना हम सब का कर्त्तव्य है। जिन आदर्शों की प्रेरणा से भारत का स्वाधीनता संग्राम हुआ था, उन्हें हम सबको नितान्त स्मरण रखना होगा, आत्मसात करना होगा व अनुगमन करना होगा। हमारे स्वतंत्रता सेनानी एक न्यायोचित समाज की सरंचना करना चाहते थे। वे एक ऐसा समाज चाहते थे जिसमें एक मनुष्य का दूसरे मनुष्य के द्वारा शोषण ना हो। उनका सपना एक ऐसे समाज का था जिसके स्तम्भ, स्वाधीनता, समता, अहिंसा,

भ्रातृत्त्व एवं विश्व शांति के आदर्श हों। अतः हम सब भारतीयों को हमारे स्वतंत्रता–सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदानों को स्मरण करते रहना चाहिए। हमारी स्वाधीनता उन स्वतंत्रता सेनानियो द्वारा प्रदत्त, एक अमूल्य उपहार है। उन्होनें सिर्फ इस कारण से अपने जीवन का बलिदान दिया था, ताकि हम सब एक स्वाधीन राष्ट्र में रह सकें। अतः हमें उनके आदर्शों के प्रति जागरूक एवं प्रतिबद्ध रहते हुये, भारत को हर दिन एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए प्रयत्नशील रहना होगा।

### 3. भारत देश की सम्प्रभुता, एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण एवं सुरक्षित रखना {खन्ड (ग)}

भारत एक सम्प्रभुता सम्पन्न राष्ट्र है। अर्थात् हमारा देश आन्तरिक शक्ति से सम्पन्न व बाह्य रूप से पूर्ण स्वतंत्र है। वह किसी बाह्य हस्तक्षेप के बिना, अपने निर्णय खुद लेने के लिए स्वतंत्र है। अपनी इस सम्प्रभुता को सुरक्षित रखना हमारा उत्तरदायित्त्व है। भारत देश की सम्प्रभुता भारत के नागरिकों में निहित है।

हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे हमारे राष्ट्र की सम्प्रभुता, एकता व अखंडता को ठेस पहुँचे। इस उद्देश्य से प्रत्येक व्यक्ति की वाणी एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी यथोचित प्रतिबंध लगाये गये हैं। निम्नलिखित बातें स्मरण रखने योग्य हैं:–

- ऐसा आचरण जिससे देश की एकता को आघात या क्षति पहुँचे, भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए के तहत दंडनीय है।
- ऐसे अभियोग एवं अभिकथन जो राष्ट्र की अखंडता के प्रतिकूल हों, वे भारतीय दंड संहिता की धारा 153 बी के तहत दंडनीय हैं।
- ऐसे वक्तव्य या ब्यान जिनमें भयप्रद संदेश हैं, जो शत्रुता को बढ़ावा देते हों, भारतीय दंड संहिता की धारा 505(2) के तहत दंडनीय हैं।

### 4. आवश्यकता पडने पर राष्ट्र की सुरक्षा एवं सेवा करना {खन्ड (घ)}

प्रत्येक भारतीय को बाह्य आक्रमण के विरूद्ध, राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। आवश्यकता पड़ने पर नागरिकों को देश की रक्षा के लिए शस्त्र भी संभालने होगें। यह प्रत्येक भारतीय नागरिक का मौलिक कर्त्तव्य है। तीनों सुरक्षा–बलों में कार्यरत नागरिक, इस मौलिक कर्त्तव्य से हर समय, पूर्ण रूप से न्यस्त हैं। ना केवल बाह्य आक्रमण से हमें राष्ट्र को बचाना होगा बल्कि आन्तरिक राज–द्रोह से भी राष्ट्र की सुरक्षा करना हमारा मौलिक कर्त्तव्य है।

## 5. सभी धार्मिक, भाषीय, क्षेत्रीय एवं वर्गीय विभिन्नताओं का अतिक्रमण करते हुए, सभी भारतीयों में सामंजस्य एवं भ्रातृत्त्व की भावना का विकास; नारी की गरिमा के विरूद्ध कुप्रथाओं का त्याग {खन्ड(ङ)}

भारत एक बहु–धर्मीय एवं बहु–भाषीय राष्ट्र है। अनेकता में एकता, भारतीय सभ्यता का अनुपम सौंदर्य है। भारत में विश्व के प्रमुख सात धर्मों के अनुयायी निवास करते हैं। ये धर्म हैं हिन्दु, ईस्लाम, ईसाई, बौद्ध, जैन, सिख एवं पारसी। भारत जैसे देश में जहां "वसुधैव कुटुंबकम्" का आदर्श सदैव रहा है, वहां भ्रातृत्त्व की भावना सहज ही विद्यमान रहनी चाहिए। प्रत्येक भारतीय का यह कर्त्तव्य है कि वह जाति, सम्प्रदाय व वर्ण से निरपेक्ष हो कर, सार्वजनिक सामंजस्य एवं भ्रातृत्त्व–भाव की उत्तरोत्तर वृद्धि करे। समय की आवश्यकता है कि बंधुता के भाव को सुदृढ़ करा जाए व इसे क्षीण होने से बचाया जाये। भारतीय होने के नाते, हम सब को मिल कर एकात्मक प्रयत्न करना चाहिए, जिससे भारत एक सुदृढ एवं समृद्ध राष्ट्र बने।

संविधान ने हम सबको यह जिम्मेदारी भी सौंपी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि नारी की गरिमा के विरूद्ध सभी कुप्रथाओं का खंडन हो। "यत्र नारयस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः" हमारी संस्कृति का आदर्श रहा है। उपरोक्त आदर्श से विमुखता व विचलन, जो कि बहुत बाद मे आया, उससे हमारी समाजिक छवि को ठेस पहुँची। इस आदर्श का पुर्नस्थापन भी हमारा कर्त्तव्य है। केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों ने ऐसे अनेक कानून बनाये हैं जिनमें इन कुप्रथाओं को दण्डित करने का प्रावधान है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 14,15, व 16 में सभी प्रकार के भेदभाव का निषेध है।

राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (NCRB) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर 3 मिनट में स्त्रियों के प्रति एक अपराध होता है, हर 60 मिनट में दो बलात्कार होते हैं व हर 6 घंटे में एक शादीशुदा महिला को चोट मार कर, जला कर या आत्महत्या के कगार पर पहुँचा के, मौत के घाट उतार दिया जाता है। नारी के प्रति इन अपराधों को रोकना हमारा मौलिक कर्त्तव्य है।

## 6. अपनी उदात्त संस्कृति व गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझना और उसे संरक्षित रखना।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम एवं अद्वितीय संस्कृतियों में से एक है। भारत युगों–युगों से विश्व–गुरू की पदवी पर आसीन रहा है। अन्य देशों के नागरिक भी भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हैं व उसे अधिक जानना चाहते हैं। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि भारत की सांस्कृतिक एकता 5000 वर्ष से भी

अधिक समय से अखंड है। हम सब इस महान सभ्यता एवं संस्कृति के सहभागी हैं। हमें नितान्त स्मरण रहना चाहिए:–

- ➢ कला, शिल्प–कला, वास्तुकला, गणित, विज्ञान एवं चिकित्सा, इत्यादि के क्षेत्र में भारत का योगदान बहु–विदित है।
- ➢ भारत, विश्व के प्राचीनतम एवं सूक्ष्मतम दार्शनिक विचारों एवं साहित्य का जन्म–दाता है।
- ➢ भारत में पुरातत्व दृष्टि से महत्वपूर्ण, असंख्य ऐतिहासिक स्मारक हैं जिनमें दुर्ग, महल, मंदिर, गुफा–चित्र, मस्जिदें और गिरिजाघर हैं।
- ➢ भारत, विश्व के अनेक महान धर्मों की जन्म–स्थली है जैसे कि हिन्दु, बौद्ध, जैन व सिख धर्म।
- ➢ हमारे देश का इतिहास हमें शान्ति, प्रेम, अहिंसा व सत्य का पथ प्रदर्शित करता है।

भारतीय होने के नाते हम सब का उत्तरदायित्त्व है कि हम इस महान परम्परा और सांस्कृतिक मूल्यों का सरंक्षण करे और आपस में प्रेम और सामंजस्य से रहें।

हमारी सांस्कृतिक परम्परा सर्वाधिक महान और सुभद्र है। साथ ही साथ यह पूरे विश्व की भी धरोहर है। अतः इसका सरंक्षण भी प्रत्येक भारतीय का मौलिक कर्त्तव्य है। हम सब को जो परम्परा से प्राप्त हुआ है उसे, हमें सुरक्षित रखना होगा ताकि वह आने वाली पीढ़ियों को प्रदान किया जा सकें।

हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि ऐतिहासिक स्मारकों व कला–कृतियों को कोई भी क्षति ना पहुँचाये, खंडित ना करे, विरूपित ना करे, कुरेदे ना व उनके साथ बर्बरता–पूर्ण व्यवहार ना हो।

## 7. वन, सरोवर, नदी एवं वन्य जीव इत्यादि प्राकृतिक पर्यावरण की सुरक्षा एवं सुधार तथा प्राणी–मात्र के प्रति करूणा {खन्ड(छ)}

प्राचीन काल से ही पूरे विश्व में मनुष्य इस बात के लिए प्रयत्नशील रहा है कि प्राकृतिक संसाधनो को सुरक्षित रखा जाये, जैसे कि वायु, जल, पेड–पौधे एवं जीव–जन्तु। विभिन्न देशों के प्राचीन ग्रन्थ, मनुष्य के इस प्रयत्न की कथाओं से भरे हुए हैं। भारत के ऋषियों एवं सन्तों ने यही शिक्षा दी है कि पृथ्वी, आकाश, नदियों, समुद्रों एवं पेड–पौधों इत्यादि के रूप में व हर रूप में परमात्मा की उपासना करनी

चाहिए। आज भी अधिकतर लोग इसे अपना धार्मिक कर्त्तव्य समझते है, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि ये सम्पदा सामूहिक है। हर नागरिक का यह कर्त्तव्य है कि वह वन, सरोवर, नदी, एवं वन्य जीव इत्यादि प्राकृतिक पर्यावरण की सुरक्षा एवं सुधार करे और प्राणी–मात्र के प्रति मन में दया का भाव रखे। बढ़ता हुआ वायु, जल, और ध्वनि प्रदूषण तथा बड़े पैमाने पर जंगलो की कटाई, मानव जीवन को बहुत अधिक क्षति पहुँचा रहे हैं। जंगलो की सुरक्षा, वृक्षारोपण, नदियों की सफाई, जल संसाधनों की सुरक्षा और पर्वत, पहाड़ी एवं बंजर भूमि में पुनः जंगल लगाना तथा गांव, शहरों और औघोगिक क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रित करने से हम नागरिकों और पृथ्वी गृह के भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। भारत में उपरोक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए निम्नलिखित कानून बनाए गए हैं:–

- वन्य जीवन सुरक्षा अधिनियम, 1972
- जल प्रदूषण प्रतिषेध व नियामक अधिनियम, 1974
- वन सरंक्षण अधिनियम, 1980
- वायु प्रदूषण प्रतिषेध व नियामक अधिनियम, 1981
- वातवारण सुरक्षा अधिनियम, 1986

## 8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास {खन्ड(ज)}

वैज्ञानिक दृष्टिकोण का तात्पर्य एक ऐसी दृष्टि से है जिसका आधार व्यवस्थित ज्ञान एवं अनुभव–जन्य ज्ञान है। इसमें अन्धविश्वास के लिए कोई स्थान नही है। समाज का विकास तभी हो सकता है जब लोग अन्धविश्वासों का त्याग कर दें। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव, किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए सबसे बडी बाधा है। हमारे देश मे आज भी एक बहुत बड़ा वर्ग अन्धविश्वासों और निरर्थक प्रथाओं से बद्ध है। ऐसी परिस्थिति में वैज्ञानिक दृष्टि का बीजारोपण, राष्ट्र के विकास के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।

हमें याद रहना चाहिए कि प्राचीन काल में भारत एक उन्नत राष्ट्र था और भारतीयों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक था। गणित के क्षेत्र में भारत का योगदान केवल अंकगणित (Numericals) व बीजगणित (Alzebra) तक ही सीमित नही था, अपितु त्रिकोणीयमिति (Trigonometry) और कलन विधि (Algorithm) का भी विवरण और विकास हुआ था।

चिकित्सा के क्षेत्र में भी प्राचीन भारत में अभूतपूर्व विकास हुआ था। पहली शताब्दी की चरक–संहिता में रोग–निर्णय (Diagnosis) के उल्लेखनीय विवरण मिलते हैं। उसमें एक ऐसे चिकित्सा तंत्र की स्थापना की गई है जोकि मानवीय ज्ञान और कौशल पर निर्भर है, ना की अलौकिक या अतिमानवीय रहस्यों पर।

यह हमारा कर्त्तव्य है कि विश्व में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत का नाम हो। ज्ञान का सूर्य, हर किसी के लिए उदित हो, प्रकाशित हो व कहीं भी संकीर्ण–मानसिकता, अंधविश्वास व हठधर्मिता के लिए स्थान ना रहे।

## 9. सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा एवं हिंसा का परित्याग {खन्ड (झ)}

यह बडे दुर्भाग्य की बात है कि सार्वजनिक सम्पत्ति का विध्वंस, आज के समाज में, अपनी शिकायतों की घोषणा करने का लोकप्रिय माध्यम बन गया है। जबकि यह सार्वजनिक सम्पत्ति के विध्वंस का प्रतिबंध अधिनियम, 1984 के तहत दंडनीय है। किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथों में नहीं लेना चाहिए। बंध, हड़ताल, आंदोलन व राजनितिक प्रदर्शनों के दौरान विरोध प्रदर्शित करने के लिए, रेल, बस व अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति को जलाने से पूरे देश का नुकसान होता है।

यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस राष्ट्र ने समूचे विश्व को अंहिसा का पाठ पढ़ाया वहां पर कुछ नागरिक बेसुधी से अहिंसा व सार्वजनिक सम्पत्ति को विध्वंस करते हुए नजर आते हैं। हिंसा का पूर्ण परित्याग हमारा मौलिक कर्त्तव्य है। अपने रोष को प्रकट करने के लिए हिंसात्मक तरीकों को नहीं अपनाना चाहिए।

## 10. व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयत्न ताकि राष्ट्र निरन्तर प्रयत्न और उपलब्धि के उच्चतर शिखरों पर पहुँचे {खन्ड (ञ)}

उत्कृष्टता सफलता की कुँजी है। उत्कृष्टता में ही विकास का रहस्य छुपा हुआ है। यह हमारा मौलिक कर्त्तव्य है कि हमारा राष्ट्र निरन्तर प्रगति करे और नये शिखरों पर पहुँचे। यह वर्तमान समय की आवश्यकता है। उत्कृष्टता ही प्रगति एवं सफलता का रहस्य है तथा जापान व सिंगापुर इसके जीवन्त उदाहरण हैं। द्वितीय विश्व युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी के विध्वंस के बाद, कुछ ही वर्षो में जापान पुनः समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरा, यह एक विस्मय की बात है। इसका अनछुपा रहस्य, उत्कृष्टता के लिए प्रयत्न है। कठोर परिश्रम हमारा कर्त्तव्य है व हमें उसका विकल्प खोजने का निरर्थक प्रयास नहीं करना चाहिए।

## 11. माता–पिता या सरंक्षक के लिए छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु के बालक को शिक्षा के अवसर प्रदान करना {खण्ड(त)}



राष्ट्र के विकास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक, शिक्षा है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है। प्रत्येक नागरिक एवं समूचे राष्ट्र के विकास का आधार, प्राथमिक शिक्षा है।

6 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के बालकों के लिये मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा, उनका मौलिक अधिकार है। **मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा में बालको का अधिकार अधिनियम, 2009,** इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उपरोक्त अधिनियम में निम्नलिखित प्रावधान हैः–

- ➢ प्रत्येक बालक को, जिसकी आयु 6 वर्ष से 14 वर्ष के बीच में है, प्राथमिक शिक्षा के पूर्ण होने तक पड़ोस के किसी विद्यालय में मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार है।
- ➢ इस उद्देश्य के लिए किसी भी बच्चे से ऐसी किसी प्रकार की फीस या खर्चा नहीं मांगा जाएगा, जो उसे प्राथमिक शिक्षा पूरी करने में बाधा उत्पन्न करे।
- ➢ जहां पर 6 वर्ष की आयु से अधिक का कोई बच्चा स्कूल में दाखिला नहीं ले पाया या दाखिले के पश्चात् अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं कर पाया, उस परिस्थिति में उसे, उसकी आयु के अनुरूप कक्षा में दाखिला दिया जाएगा।

माता–पिता एवं अभिवावकों को यह समझना चाहिए कि बच्चों को शिक्षा देना सबसे जरूरी है। शिक्षा बालक के सर्वांगीण विकास में सहायता करती है। शिक्षा से ही समूचे राष्ट्र में परिवर्तन आ सकता है।

## HARYANA STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY

**2nd Floor, New Block, Old District Court Premises, Sector 17, Chandigarh - 160 017**
**Tel.No./Fax No. : 0172-2770055, Toll Free No.1800-180-2057**
**Website : www.hslsa.nic.in, E-mail : hslsa@hry.nic.in, hslsa.haryana@gmail.com**

## हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

द्वितीय तल, नया ब्लॉक, पुराना जिला न्यायालय, सैक्टर 17, चण्डीगढ़।
दूरभाष/फैक्स 0172–2770055 **Toll Free No.1800-180-2057**
**Website : www.hslsa.nic.in, E-mail : hslsa@hry.nic.in, hslsa.haryana@gmail.com**